भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1116

10 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

राउरकेला इस्पात संयंत्र में गैस का रिसाव

1116. श्री संजय सिंह:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को ओडिशा में राउरकेला इस्पात संयंत्र में विषाक्त गैस का रिसाव होने के कारण मरने वाले और घायल हुए कामगारों की संख्या की जानकारी है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या घायल कामगारों और मृतकों के कानूनी प्रतिनिधियों को मुआवजा दिया गया था; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): ओडिशा के राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) में दिनांक 06 जनवरी, 2021 को जमा गैस के रिसाव के कारण हताहत/मरने वालों की संख्या चार है।

(ख) और (ग): आरएसपी ने मरने वाले संविदा कामगारों के पात्र आश्रितों के लिए अनुकंपा रोजगार का प्रस्ताव दिया है। ईएसआई अधिनियम (कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम) के तहत मृतक संविदा मजदूरों के परिजनों को देय मुआवजा / आश्रित लाभ पर विचार करने के लिए, ईएसआईसी द्वारा पहले ही आरएसपी का दौरा किया जा चुका है।

****